Amit Singh Negi
Secretary

Government of Uttarakhand

Department of Medical, Health
and Family Welfare and
Medical Education
Government of Uttarakhand
4 -Subhash Road, Dehradun

Letter No. 439/Sec-MH/2020
Dated 04 June. 2020

सेवा में,

सचिव,
शहरी विकास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः डेंगू रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु कार्यवाही विषयक।

महोदय,

जैसा कि आप विदित ही है कि डेंगू राज्य में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। अतः आगामी माहों में डेंगू रोग के प्रसारित होने की सम्भावना को देखते हुए समस्त जनपदों में डेंगू रोग के समयान्तर्गत व प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कार्यवाहियां की जानी है। जैसा कि आप विदित है कि घर व घर के आस–पास जमा हुए पानी इत्यादि में डेंगू रोग के मच्छरों के पनपने का खतरा बना रहता है। डेंगू के मच्छर मूलतः शहरी आबादी क्षेत्रों मे अधिक पनपते है जिससे शहरी क्षेत्रों मे डेंगू रोग के महामारी रूप लेने का खतरा बना रहता है। अतः आप अपने स्तर से डेंगू रोग के रोकथाम हेतु निम्न कार्यवाहियां करने का कष्ट करें :

1. शहरी क्षेत्रों के समस्त वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाया जाये ताकि डेंगू मच्छरों के उत्पन्न होने के स्रोतों को पनपने से रोका जा सके।
2. आबादी क्षेत्रों मे जो भी स्थान जहां साफ पानी जमा होने का खतरा है जैसे सीमेन्ट के टैंक, अधूरे निर्माण कार्य क्षेत्र, नव निर्माण कार्य क्षेत्र ऐसी जगहों पर डेंगू मच्छरों के पनपने का अधिक खतरा रहता है वहां अभियान के तौर पर पानी को जमा होने से रोका जाये।
3. निर्माणाधीन परियोजनाओं में डेंगू निरोधात्मक गतिविधियों का आंकलन अवश्य किया जाये।
4. आबादी क्षेत्रों मे पुराने जमा टायरों, झुग्गीयों की छत पर प्लास्टिक शीट मे पानी जमा होने पर डेंगू के मच्छर पनपने लगते है जहां अभियान के तौर पर सफाई करवाई जानी अत्यन्त आवश्यक है।
4. अधिक आबादी वाले क्षेत्रों मे जैसे झुग्गी इत्यादि में आवासीयों द्वारा पानी को कृत्रिम पात्रों में संचयित करके रखा जाता है जिसमें डेंगू का मच्छर पनपने लगता है ऐसे क्षेत्रों मे जन जागरूकता की जाये कि आवासीय द्वारा पात्रों को ढक कर रखा जाये तथा सप्ताह मे एक बार साफ किया जाये। इसे अभियान के रूप मे चलाया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

Scanned with CamScanner

5. अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए शहरी क्षेत्रों मे ऐसे बडे स्थान जैसे सूखे नाले इत्यादि जहां पर पानी जमा हो जाने पर डेंगू पनपने का खतरा रहता है उनकी सफाई हेतु अभियान चलाया जाये।
6. शहरी विकास विभाग के अभियन्त्रिकी शाखा को डेंगू रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु प्रशिक्षित किया जाये।
7. विभाग द्वारा जन जागरूकता भी की जाये जिस हेतु प्रचार प्रसार सामग्री की साफ्ट प्रति संलग्न कर उपलब्ध कराई जा रही है।
8. शहरी विकास विभाग द्वारा उपरोक्त अभियान निरन्तर चलाया जाये व दैनिक गतिविधियों की रिपोर्ट राज्य एन0वी0बी0डी0सी0पी0 यूनिट को ई0मेल uknvbdcp@gmail.com पर प्रेषित की जायेगी।

संलग्नक यथोपरि।

(अमित सिंह नेगी)

पत्र संख्या : **तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव प्रभारी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
4. प्रभारी अधिकारी एन0वी0बी0डी0सी0पी0।

(अमित सिंह नेगी)

Scanned with CamScanner